# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 15/10/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** **₹31,000 की राशि का एक भाग 4 वर्ष की अवधि के लिए 9% वार्षिक साधारण ब्याज पर और शेष भाग 7% वार्षिक साधारण ब्याज पर उधार दिया गया था। 4 वर्षों के बाद, प्राप्त कुल ब्याज ₹10,500 था। 7% पर उधार दी गई धनराशि और 9% पर उधार दी गई धनराशि का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 48 : 31 B). 31 : 48 C). 91 : 33 D). 33 : 91 **Correct Answer: D**

**Q.2** **एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹237 में बेचता है, जिससे उसे 18.5% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?**

**Ans** A). 200 B). 193 C). 281 D). 291 **Correct Answer: A**

**Q.3** **90, 230 और 325 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 5 B). 3 C). 1 D). 2 **Correct Answer: A**

**Q.4** **एक परीक्षा में औसत अंक 60 थे। कुछ मूल्यांकन त्रुटियों के कारण, 115 विद्यार्थियों में से प्रत्येक के अंक को 85 से बदलकर 50 करना पड़ा, और नया औसत 55 हो गया। परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या _________ थी।**

**Ans** A). 902 B). 1000 C). 763 D). 805 **Correct Answer: D**

**Q.5** **एक कर्मचारी के वेतन में 80% की कमी की जाती है और फिर घटाए गए वेतन में 80% की वृद्धि की जाती है। कर्मचारी के वेतन में प्रतिशत हानि (कमी) की गणना करें।**

**Ans** A). 64% B). 58% C). 54% D). 68% **Correct Answer: A**

**Q.6** **₹29,800 के अंकित मूल्य वाला एक उत्पाद स्टोर में ₹28,608 में बेचा जा रहा है। उत्पाद पर कितनी छूट दी जा रही है?**

**Ans** A). 4% B). 1% C). 2% D). 3% **Correct Answer: A**

**Q.7** **40 kg, 49 kg, 56 kg, 72 kg और 39 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 51.2 B). 52.2 C). 50.2 D). 53.2 **Correct Answer: A**

**Q.8** **एक टोकरी में एक निश्चित संख्या में मौजूद सेबों का औसत वजन 0.5 kg था। यदि टोकरी से 0.7 kg औसत वजन वाले 10 सेब निकाल दिए जाएं और टोकरी में 0.6 kg औसत वजन वाले 5 सेब डाल दिए जाएं, तो टोकरी में सेबों के औसत वजन में 0.1 kg की कमी हो जाती है। टोकरी में शुरुआत में सेबों की संख्या कितनी थी?**

**Ans** A). 20 B). 21 C). 19 D). 18 **Correct Answer: A**

**Q.9** एक पिंड एक सीधी रेखा में गतिशील है और निम्नलिखित तालिका में समय के विभिन्न क्षणों में इसकी दूरी दर्शाई गई है।

| समय (सेकंड में) | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दूरी (m में) | 0 | 5 | 14 | 14 | 14 | 20 | 24 |

किस समय अंतराल के दौरान **(सेकंड में)** पिंड गतिशील **नहीं** रहा है?

**Ans** A). 0 से 1 B). 5 से 6 C). 2 से 4 D). 1 से 3 **Correct Answer: C**

---

**Q.10** एक ठोस शंकु की ऊँचाई 63 cm और आधार की त्रिज्या 16 cm है। यदि पेंटिंग करने की दर ₹1.75/$cm^2$ है, तो शंकु के कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल को पेंट करने की कुल लागत (₹ में) कितनी होगी?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 7186 B). 7166 C). 7128 D). 7156 **Correct Answer: C**

---


**Q.11** एक कंपनी के 30 पुरुष कर्मचारियों का औसत भार 62.5 kg है और शेष 20 महिला कर्मचारियों का औसत भार 54.5 kg है। कंपनी के कुल कर्मचारियों का औसत भार कितना है?

**Ans** A). 59.5 kg B). 58.3 kg C). 58.5 kg D). 59.3 kg **Correct Answer: D**

---

**Q.12** निम्नलिखित दंड आलेख वर्ष 2015 - 2017 के दौरान 4 विभिन्न कंपनियों, P, Q, R और S द्वारा निर्मित स्कूटरों की संख्या को दर्शाता है। x - अक्ष निर्मित स्कूटरों की संख्या को दर्शाता है और y - अक्ष कंपनियों को दर्शाता है। दंड आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

4 कंपनियों द्वारा स्कूटरों का निर्माण




किस वर्ष/वर्षों में कंपनी R के लिए पिछले वर्षों की तुलना में स्कूटरों के निर्माण में प्रतिशत वृद्धि अधिकतम थी?

**Ans** A). 2015 और 2017 B). केवल 2017 C). केवल 2016 D). 2016 और 2017 **Correct Answer: C**

---

**Q.13** ₹20 में एक वस्तु को बेचकर, एक विक्रेता 10% का लाभ अर्जित करता है। उसे अपना विक्रय मूल्य (₹ में, दो दशमलव स्थान तक सन्निकटित) कितना बढ़ाना चाहिए, ताकि 35% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans** A). 6.55 B). 7.55 C). 5.55 D). 4.55 **Correct Answer: D**

---

**Q.14** संख्याओं p और q के बीच का माध्यानुपाती 8 है। संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म p और q के मान हो सकते हैं?

**Ans** A). 16 और 4 B). 10 और 6 C). 12 और 3 D). 12 और 16 **Correct Answer: A**

**Q.15** 5 वर्षों के लिए 9% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 840 B). 900 C). 940 D). 860

**Correct Answer: B**

**Q.16** 6 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1140 B). 1200 C). 1240 D). 1160

**Correct Answer: B**

**Q.17** एक आयताकार बक्से की पहले मूल चौड़ाई 25 cm थी। फिर बक्से को इस तरह से बनाया गया कि इसकी लंबाई 30% बढ़ गई, लेकिन चौड़ाई 20% कम हो गई और क्षेत्रफल 100 $cm^2$ बढ़ गया। नए बक्से की लंबाई (cm में) कितनी है?

**Ans** A). 100 B). 109 C). 130 D). 91

**Correct Answer: C**

**Q.18** एक चोर $11\frac{1}{2}$ km/h की चाल से भाग रहा है, जिसे पकड़ने के लिए एक पुलिसकर्मी $13\frac{1}{2}$ km/h की चाल से उसका पीछा करता है। यदि चोर 900 m आगे है, तो पुलिसकर्मी को पीछा शुरू करने के बाद से चोर को पकड़ने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 22 मिनट 30 सेकंड B). 18 मिनट C). 4 मिनट 30 सेकंड D). 27 मिनट

**Correct Answer: D**

**Q.19** 6 cm भुजा वाले एक वर्ग के क्षेत्रफल और 8 cm तथा 6 cm विकर्ण वाले समचतुर्भुज के क्षेत्रफल के बीच का अनुपात क्या है?

**Ans** A). 4 : 5 B). 3 : 4 C). 3 : 2 D). 2 : 5

**Correct Answer: C**

**Q.20** स्कूल के खेल दिवस के दौरान कक्षा VII के तीन विद्यार्थियों ने 1 km की दौड़ में भाग लिया। यदि A, B से 100 m के अंतर से दौड़ जीत जाता है और B, C को 300 m की दौड़ में 50 m से हरा देता है, तो 1 km की दौड़ में, A, C को कितने अंतर से हराएगा?

**Ans** A). 750 m B). 250 m C). 150 m D). 700 m

**Correct Answer: B**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PURE' को '3792' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BURP' को '9537' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 7 B). 9 C). 3 D). 5

**Correct Answer: D**

**Q.2** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**348 350 354 360 368 ?**

**Ans** A). 372 B). 378 C). 376 D). 374

**Correct Answer: B**

**Q.3** एक निश्चित तर्क का पालन करते हुए 22, 132 से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए 35, 210 से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, 18 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 101 B). 110 C). 113 D). 108

**Correct Answer: D**


**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**SRQ, ONM, KJI, GFE, ?**


**Ans** A). ABC B). CBA C). BAZ D). DCB


**Correct Answer: B**


**Q.5** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

---


**Q.6** एक निश्चित कूट भाषा में, 'played the piano' को 'lo le li' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'sparkles a piano' को 'lu li la' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'piano' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). lu B). le C). li D). la

**Correct Answer: C**

---

**Q.7** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---


**Q.8** DJFL, अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से HNJP से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार GMIO, KQMS से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, IOKQ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). SMOU B). MSOU C). MSUO D). SMUO


**Correct Answer: B**


---

**Q.9** उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।



Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

---

**Q.10** PWSO अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से RYUQ से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, MTPL, OVRN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए JQMI निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). SLKO B). SLOK C). LSOK D). LSKO

**Correct Answer: C**

**Q.11** इस प्रश्न में दो कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ पत्थर, आहत हैं।
कुछ पत्थर, सुंदर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सुंदर पत्थर, आहत हैं।
(II) कुछ आहत पत्थर, सुंदर हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

---

**Q.12** छह मित्र A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार खाने की मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E, F का निकटतम पड़ोसी है। B, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, F के ठीक दाईं ओर बैठा है। A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). B B). C C). F D). D

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
304 ÷ 3 + 55 × 5 − 2 = ?

**Ans** A). 902 B). 901 C). 904 D). 903

**Correct Answer: D**

---

**Q.14** सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। S, Q के ठीक बाएँ बैठा है। V, S के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। R, T के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। U, R के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। R के दाएँ से गिनती करने पर S और R के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 1 B). 2 C). 4 D). 0

**Correct Answer: A**

---

**Q.15** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '–' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?


18 ÷ 6 + 5 × 14 − 7 = ?

**Ans** A). −10 B). 0 C). 10 D). −5


**Correct Answer: A**


---


**Q.16** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'write this sentence' को 'aw pm nl' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'this is mine' को 'nl wb cd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस कूट भाषा में 'this' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

**Ans** A). wb B). cd C). nl D). aw

**Correct Answer: C**

**Q.18** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 312, 104 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 363, 121 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 375 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 145 B). 125 C). 115 D). 135

**Correct Answer: B**

**Q.19** एक निश्चित कूट भाषा में, 'COKE' को '1357' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'JOKE' को '5673' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'J' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 7 B). 5 C). 6 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.20** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी अभिनेता, गायक हैं।
सभी गायक, नर्तक हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ गायक, अभिनेता हैं।
(II) कुछ नर्तक, गायक नहीं हो सकते हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: D**

## Section : General Awareness

**Q.1** निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया का उत्पाद क्या है?

$NaCl + H_2O + CO_2 + NH_3$

Ans A). खाने का सोडा (Baking soda) B). विरंजन-चूर्ण (Bleaching powder) C). धुलाई का सोडा (Washing soda) D). जिप्सम (Gypsum)

**Correct Answer: A**

**Q.2** यदि कोई नागरिक अपने क्षेत्र के स्मारकों की सुरक्षा में सरकार की सहायता कर रहा है, तो वह निम्नलिखित में से किस मौलिक कर्तव्य का पालन कर रहा है?

Ans A). वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना B). शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना C). गौरवशाली परंपरा और संस्कृति को महत्व देना और उसका परिरक्षण करना D). उच्च विचारों को संजोना और उनका पालन करना

**Correct Answer: C**

**Q.3** जून 2023 में, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (Research and Analysis Wing - RAW) के नए प्रमुख के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

Ans A). अरुण कांत B). राजीव कुमार C). सामंत गोयल D). रवि सिन्हा

**Correct Answer: D**

**Q.4** भारत में किस खेल आयोजन में राजा भालिंदर सिंह ट्रॉफी प्रदान की जाती है?

Ans A). नेशनल गेम्स ऑफ इंडिया B). सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप C). खेलो इंडिया यूथ गेम्स D). एसजीएफआई गेम्स

**Correct Answer: A**

**Q.5** अत्यधिक कुशल कांस्य मूर्तियों के निर्माण का संबंध किस भारतीय राजवंश से है?

Ans A). मौर्य B). चोल C). मुगल D). पल्लव

**Correct Answer: B**

**Q.6** शारदा नदी (Sarda River) नेपाल हिमालय के ________ ग्लेशियर से निकलती है।

Ans A). मिलम (Milam) B). माचोई (Machoi) C). सियाचिन (Siachen) D). बोखार-चू (Bokhar Chu)

**Correct Answer: A**

**Q.7** किस महान भारतीय शास्त्रीय नर्तक/नर्तकी ने 'देवदास' और 'दिल तो पागल है' फिल्मों में माधुरी दीक्षित के लिए गानों का नृत्य निर्देशन (choreographed) किया था?

Ans A). गणेश हेगड़े B). प्रभु देवा C). बिरजू महाराज D). फराह खान

**Correct Answer: C**

**Q.8** वर्ष 1506 में मध्य प्रदेश के ग्वालियर में किस प्रसिद्ध मध्यकालीन गायक का जन्म हुआ था?

Ans A). तानसेन B). गोपाल नायक C). चैतन्य देव D). स्वामी हरिदास

**Correct Answer: A**

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा लौह एवं इस्पात संयंत्र ओडिशा में स्थित है?**

Ans A). राउरकेला B). विजय नगर C). विशाखापट्नम D). बोकारो **Correct Answer: A**

**Q.10** **राष्ट्रीय आय लेखांकन के संदर्भ में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) क्या है?**

Ans A). किसी देश की सरकार की कुल आय B). किसी देश की सीमाओं के अंदर किसी विशिष्ट अवधि में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य C). किसी देश की कुल बचत D). किसी देश का कुल निर्यात **Correct Answer: B**

**Q.11** **1917 में, महात्मा गांधी ने ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित में से किस जिले में यूरोपीय लोगों द्वारा जबरन नील की खेती कराने के खिलाफ भारत में अपना पहला सत्याग्रह शुरू किया था?**

Ans A). खेड़ा B). बक्सर C). चंपारण D). अहमदाबाद **Correct Answer: C**

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सा संचारी रोग बैक्टीरिया के कारण होता है?**

Ans A). हैज़ा B). मलेरिया C). इंफ्लुएंजा D). डेंगू **Correct Answer: A**

**Q.13** **बांग्लादेश के किस क्षेत्र में देश के विभिन्न स्वदेशी जातीय समूहों के बीच चकमा लोग (Chakma people) मुख्य रूप से रहते हैं?**

Ans A). चिटगांव पहाड़ी क्षेत्र (Chittagong Hill Tracts) B). राजशाही प्रभाग (Rajshahi Division) C). सिलहट प्रभाग (Sylhet Division) D). सुंदरबन मैंग्रोव वन (Sundarbans Mangrove Forest) **Correct Answer: A**

**Q.14** **किस वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए पहले प्रस्ताव पर संसद के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे?**

Ans A). 1988 B). 1993 C). 1995 D). 1991 **Correct Answer: D**

**Q.15** **जनवरी 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सावित्रीबाई फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधान मंत्री मोदी द्वारा बताए गए अनुसार, सावित्रीबाई फुले ने किस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया था?**

Ans A). शिक्षा एवं समाज सुधार B). साहित्य और काव्य C). सैन्य रणनीति एवं युद्धकला D). राजनीति और सरकारी नेतृत्व **Correct Answer: A**

**Q.16** **निम्नलिखित में से कौन-सा युद्ध वर्ष 1761 में हुआ था?**

Ans A). पानीपत का द्वितीय युद्ध B). बक्सर C). पानीपत का तृतीय युद्ध D). वांडीवाश **Correct Answer: C**

**Q.17** **दुनिया भर में कथक नृत्य शैली को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय नृत्य शिरोमणि पुरस्कार 2019 किसे मिला?**

Ans A). जतिन गोस्वामी (Jatin Goswami) B). अपर्णा सतीसन (Aparna Satheesan) C). अनिता शर्मा (Anita Sharma) D). अनिंदिता नियोगी अनाम (Anindita Neogy Anaam) **Correct Answer: D**

**Q.18** **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस ____________ को मनाया जाता है।**

Ans A). 2 अक्टूबर B). 26 नवंबर C). 15 अगस्त D). 26 जनवरी **Correct Answer: A**

**Q.19** **0.04 सेकंड की आवर्त काल वाली तरंग की आवृत्ति (f) क्या होगी?**

Ans A). 40 Hz B). 25 Hz C). 50 Hz D). 100 Hz **Correct Answer: B**

**Q.20** **'युको (Yuko)' नामक मायनर पॉइंट्स (Minor points) निम्नलिखित में से किस खेल का हिस्सा हैं?**

Ans A). मुक्केबाज़ी (Boxing) B). जुडो (Judo) C). स्केटिंग (Skating) D). लॉन बाउल्स (Lawn bowls) **Correct Answer: B**

**Q.21** **पानी में निलंबित ठोस पदार्थ पानी के धुंधलापन को बढ़ा सकते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा पानी के धुंधलापन की माप को दर्शाता है?**

Ans A). खारापन (Salinity) B). मटमैलापन (Turbidity) C). घुलनशीलता (Solubility) D). श्यानता (Viscosity) **Correct Answer: B**

**Q.22** **हाकिम मिर्जा (Hakim Mirza) की/के _________ के बाद अकबर ने काबुल पर कब्जा कर लिया और राजा मान सिंह को इसे 'जागीर (jagir)' के रूप में दे दिया।**

Ans A). मृत्यु B). विजय C). कब्जा D). विवाह **Correct Answer: A**

**Q.23** **भारत के किस मंत्रालय ने प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (PMRPY) शुरू की?**

Ans A). श्रम एवं रोजगार मंत्रालय B). वित्त मंत्रालय C). ग्रामीण विकास मंत्रालय D). सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय **Correct Answer: A**

**Q.24** **कुषाण वंश में वेमा कडफिसेस (Vima Kadphises) का उत्तराधिकारी कौन था?**

Ans A). कनिष्क (Kanishka) B). कुजुला कडफिसेस (Kujula Kadphises) C). मिनांडर (Menander) D). खारवेल (Kharavela) **Correct Answer: A**

**Q.25** **किस अंग्रेजी उपन्यास के लिए रस्किन बॉन्ड को 1992 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?**

**Ans** A). द ब्लू अम्ब्रेला (The Blue Umbrella) B). अवर ट्रीज स्टिल ग्रो इन देहरा (Our Trees Still Grow in Dehra)
C). ए लिटिल बुक ऑफ हैपीनेस (A Little Book of Happiness) D). द रूम ऑन द रूफ (The Room on the Roof)

**Correct Answer: B**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate present tense form of the verb to fill in the blank.**

**They __________ football every day.**

**Ans** A). play B). had been playing C). will play D). plays

**Correct Answer: A**

**Q.2** **Select the most appropriate synonym of the word given in brackets to fill in the blank.**

**My teacher's _______ (stern) warning made all the students quiet and calm.**

**Ans** A). biased B). strict C). pliant D). watchful

**Correct Answer: B**

**Q.3** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a spelling error.**

**This item is in the public domain / and can be used, / copied and modefied / without any restrictions.**

**Ans** A). and can be used, B). copied and modefied C). This item is in the public domain D). without any restrictions

**Correct Answer: B**

**Q.4** **Identify the word with a spelling error in the following sentence. Select the option that correctly rectifies the error.**
**She had swam the English Channel twice.**

**Ans** A). swimming B). swum C). swim D). swimmed

**Correct Answer: B**

**Q.5** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I remember________ when she used to wash dishes in a restaurant.**

**Ans** A). the business B). the time C). the area D). the profile

**Correct Answer: B**

**Q.6** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**She recieved a beautiful surprise from her partner.**

**Ans** A). Surprise B). Partner C). Beautiful D). Received

**Correct Answer: D**

**Q.7** **Change the following sentence into positive degree.**

**Mercury is the smallest planet in the solar system.**

**Ans** A). Mercury is smaller than any other planet in the solar system. B). The most smallest planet in the solar system is mercury.
C). Mercury is the smallest planet than any other one. D). No other planet is as small as Mercury in the Solar System.

**Correct Answer: D**

**Q.8** **Select the sentence that has a grammatical error.**

**Ans** A). She asked an easy question, and I took an hour to crack it. B). After a tiring day, I had a cup of coffee with Sudhir.
C). She saw an excellent episode of the series. D). There is a man sitting beside cat.

**Correct Answer: D**

**Q.9** **Select the most appropriate option with the correct usage of the preposition to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**World Press Freedom Day will be dedicated to the importance of journalism and <u>freedom in expression</u> in the context of the current global environmental crisis.**

**Ans** A). freedom on expression B). freedom at expression C). freedom from expression D). freedom of expression

**Correct Answer: D**

**Q.10** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Dolphins are named among the <u>intelligent</u> animals on earth.**

**Ans** A). intelligentest B). more intelligent C). most intelligent D). intelligenter

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**The allowance that is given by a husband to his wife on separation**

**Ans** A). Affianced B). Matrimonial C). Dowry D). Alimony

**Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The teacher asked us to _________ our homework by tomorrow.**

**Ans** A). completes B). completed C). completing D). complete

**Correct Answer: D**

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The library books were long _________________, their pages bearing the weight of the passage of time.**

**Ans** A). overdate B). overdue C). overdrew D). overdo

**Correct Answer: B**

**Q.14** **The bat flew silently through the night, searching for insects to eat. The bat in this context refers to _______.**

**Ans** A). a mammal known for nocturnal flight and insect consumption B). a measurement unit in digital information systems
C). a wooden tool utilised in sports like baseball or cricket D). the act of delivering a forceful strike or hit

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**Thousands of people were <u>killed by</u> the train accident that took place last Wednesday.**

**Ans** A). killed in B). killed of C). killed from D). killed to

**Correct Answer: A**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I will try to _______ because he is a good friend of mine.**

**Ans** A). show him the door B). stop him in his tracks C). avoid him like the plague D). get him off the hook

**Correct Answer: D**

**Q.17** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**

**Samira is a lady who needs <u>extrinsic</u> motivation and will not work on her own.**

**Ans** A). Amicable B). Intriguing C). Outward D). Adventurous

**Correct Answer: C**

**Q.18** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**
**He was not able to answer as the question was <u>ambiguous</u>.**

**Ans** A). Clear B). Unsuitable C). Deep D). Superficial

**Correct Answer: A**

**Q.19** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Caught in a time warp**

**Ans** A). To make extra effort B). To remain unchanged from a time in the past C). To be extremely happy
D). To avoid talking about what's important

**Correct Answer: B**

**Q.20** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**In the beauty contest, Parul won the award for being the <u>beautiful</u> one.**

**Ans** A). less beautiful B). more beautiful C). least beautiful D). most beautiful

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Forests provide essential ecosystem services (1)__________ benefit both the environment and human society. One crucial service is carbon sequestration, as forests absorb and store large amounts of carbon dioxide, helping mitigate climate change. Additionally, forests regulate water cycles (2)__________ influencing precipitation patterns and maintaining water quality. (3)__________, forests offer recreational opportunities, cultural significance, and economic benefits through timber production and (4)__________. Thus, preserving and sustainably managing forests is imperative for maintaining these (5)__________ ecosystem services.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). that B). then C). this D). than

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Forests provide essential ecosystem services (1)__________ benefit both the environment and human society. One crucial service is carbon sequestration, as forests absorb and store large amounts of carbon dioxide, helping mitigate climate change. Additionally, forests regulate water cycles (2)__________ influencing precipitation patterns and maintaining water quality. (3)__________, forests offer recreational opportunities, cultural significance, and economic benefits through timber production and (4)__________. Thus, preserving and sustainably managing forests is imperative for maintaining these (5)__________ ecosystem services.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). about B). by C). off D). between

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Forests provide essential ecosystem services (1)__________ benefit both the environment and human society. One crucial service is carbon sequestration, as forests absorb and store large amounts of carbon dioxide, helping mitigate climate change. Additionally, forests regulate water cycles (2)__________ influencing precipitation patterns and maintaining water quality. (3)__________, forests offer recreational opportunities, cultural significance, and economic benefits through timber production and (4)__________. Thus, preserving and sustainably managing forests is imperative for maintaining these (5)__________ ecosystem services.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). As long as B). Though C). Whatever D). Moreover

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Forests provide essential ecosystem services (1)__________ benefit both the environment and human society. One crucial service is carbon sequestration, as forests absorb and store large amounts of carbon dioxide, helping mitigate climate change. Additionally, forests regulate water cycles (2)__________ influencing precipitation patterns and maintaining water quality. (3)__________, forests offer recreational opportunities, cultural significance, and economic benefits through timber production and (4)__________. Thus, preserving and sustainably managing forests is imperative for maintaining these (5)__________ ecosystem services.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). industrialisation B). deforestation C). ecotourism D). degradation

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Forests provide essential ecosystem services (1)__________ benefit both the environment and human society. One crucial service is carbon sequestration, as forests absorb and store large amounts of carbon dioxide, helping mitigate climate change. Additionally, forests regulate water cycles (2)__________ influencing precipitation patterns and maintaining water quality. (3)__________, forests offer recreational opportunities, cultural significance, and economic benefits through timber production and (4)__________. Thus, preserving and sustainably managing forests is imperative for maintaining these (5)__________ ecosystem services.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). vitalise B). vitality C). vital D). vitally

**Correct Answer: C**